नोटिस

राजस्व प्रशिक्षण संस्थान में मैस संचालन हेतु मैस संचालक (ठेकेदार) दिनांक 13-01-2025 से दिनाक 31-12-2025 तक के लिए रखा जाएगा जिस बारे दिनांक 04-01-2025 को 11:30 बजे निम्न नियम व शर्तों के आधार पर खुली बोली रखी गई है, इचछुक व्यक्ति उक्त तिथि को सवयं संस्थान में पहुंच कर खुली बोली में भाग ले सकता है ।

नियम व शर्तें:-

1 मैस के संचालन का ठेका दिनांक 13-01-2025 से दिनाक 31-12-2025 तक होगा ।

2 मैस में सिगरेट, बीड़ी, गुटका व अन्य नशीली वस्तुओं का बेचना व प्रयोग में लाना मना है इस का उलंघन करने पर टेका रद्द किया जा सकता है ।

3 मैस कार्य दिवस पुनशचर्या पाठ्यक्रम एवम अन्य दिनों में खुली रहेगी ।

4 मैस का निरिक्षण समिति के पदाधिकारियों द्वारा किसी भी समय किया जा सकता है ।

5. मैस में काम करने वाले कार्यकर्ता के कपड़े साफ़ सुथरे होने चाहिए ।

6. मैस के समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य ठीक होना चाहिए तथा मैस ठेकेदार को मैस चलाने से पूर्व स्वास्थ्य विभाग में नियानुसार पंजीकरण करवा करके आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा ।

7. मैस में साफ़ सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा ।

8. मैस के ठेकेदार को जमानत के रूप में 15,000 /- रूपये (पन्द्रह हजार रूपये) जमा करवाने होंगे इसके इलावा हर महीने कुल अदायगी का प्रतिशत (%) जो बोली में तय होगा किराए के रूप में दी हि० प्र० राजस्व प्रशिक्षण संस्थान, अथितिय सहकारी सभा जोगिन्दर नगर को देने होंगे ।

9, यदि बोलीदाता/ठेकेदार बिना किसी पूर्व सुचना के मैस को अनुबंध पर लिखित समय से पहले छोड़ता है तो उसकी मैस जमानत जब्त कर दी जाएगी|

10 अधोहस्ताक्षरी बिना कारण बताए बोली को रद्द कर सकता है ।

11. मैस को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए बोलीदाता आवश्यकता अनुसार स्टाफ रखने की व्यवस्था भी करेगा ।

12. मैस की बोली 15 प्रतिशत (%) से शुरू होगी और अधिकतम 30 प्रतिशत (%) तक बोली जाएगी यदि अधिकतम बोली एक से अधिक बोली दाता द्वारा बोली जाएगी तो मैस का ठेका अधिकतम बोलीदाताओं के बिच में **DRAW** द्वारा दिया जाएगा ।

अतिरिक्त निदेशक
राजस्व प्रशिक्षण संस्थान
जोगिन्दर नगर जिला मण्डी ।

प्रतिलिपि:-

1. समस्त सार्वजनिक स्थानों में चसपा हेतु ।
2. उपमण्डलाधिकारी (ना०) जोगिन्दर नगर व तहसील कार्यालय के सुचना पट पर चसपा हेतु ।
3. बस स्टैंड में लगाने हेतु ।
4. हि० प्र० राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिन्दर नगर के सुचना पट में लगाने व website में upload करने हेतु ।

अतिरिक्त निदेशक
राजस्व प्रशिक्षण संस्थान
जोगिन्दर नगर जिला मण्डी ।